प्रेषक,

सचिव,
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उ0प्र0,
1–गुरू गोविन्द सिंह मार्ग बांसमण्डी चौराहा,
लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक
समस्त निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाएं,
उत्तर प्रदेश।

संख्या : 989 / संप्रपप / परी0अनु0–(स्पॉट काउ0 निर्देश) / 2024, दिनांक 21 अक्टूबर, 2024

विषयः दिनांक 22.10.2024 व 23.10.2024 को आयोजित स्पॉट काउन्सिलिंग के संशोधित दिशा–निर्देशों के प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद के पत्र संख्या–971 / संप्रपप / परी0अनु0–(स्पॉट काउ0) / 2024, दिनांक 19.10.2024 के द्वारा स्पॉट काउन्सिलिंग सम्बन्धी दिशा–निर्देश प्रेषित किये गये थे।

उक्त दिशा–निर्देश के बिन्दु संख्या–1 एवं 11 में निम्न आंशिक संशोधन के साथ पढ़ा जाये :–

बिन्दु	पूर्व में प्रेषित दिशा–निर्देश	संशोधित दिशा–निर्देश
1	**स्पॉट काउन्सिलिंग की प्रक्रिया निःशुल्क होगी** और तथा सभी कार्य दिये गये शिड्यूल के अनुसार होंगे। स्पॉट काउन्सिलिंग में संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2024 की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए अभ्यर्थी ही सम्बन्धित ग्रुप के लिए अर्ह होंगे।	अभ्यर्थियों को स्पॉट काउन्सिलिंग हेतु आवेदन–फार्म **निःशुल्क वितरित किये जायेंगे** तथा सभी कार्य दिये गये शिड्यूल के अनुसार होंगे। स्पॉट काउन्सिलिंग में संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2024 की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए अभ्यर्थी ही सम्बन्धित ग्रुप के लिए अर्ह होंगे।
11	स्पॉट काउन्सिलिंग में आवंटन पाये हुए छात्र / छात्राओं को आवंटित पाठ्यक्रम की निर्धारित पूरी फीस संस्था में जमा करनी होगी, तभी उसका प्रवेश अन्तिम / पूर्ण माना जायेगा।	स्पॉट काउन्सिलिंग द्वारा आवंटन पाये हुए छात्र / छात्राओं को आवंटित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु रू0 3250 / – (रू0 3000 / – पाठ्यक्रम की फीस + रू0 250 / – रजिस्ट्रेशन फीस) जमा करनी होगी। छात्र का प्रवेश तभी पूर्ण माना जायेगा, जब उसके द्वारा रू0 3250 / – की जमा रसीद दिनांक 23.10.2024 तक प्रवेश समिति को उपलब्ध करा दी जायेगी। पाठ्यक्रम की अवशेष फीस अभ्यर्थी द्वारा संस्था स्तर पर स्पॉट काउन्सिलिंग द्वारा प्रवेश के पश्चात जमा की जायेगी, अभ्यर्थियों से रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में लिये गये रू0 250 / – संस्थाओं को संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के खाते में प्रवेशित छात्रों की सूची के साथ ही आनलाइन हस्तान्तरित किये जाने हैं, जिसका विवरण निम्नवत् है :– बैंक का नाम – यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, लाटूश रोड, लखनऊ खाता संख्या – 531401010929013 आई0एफ0एस0सी0 – UBIN0553140

भवदीय

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन / अध्यक्ष महोदय, संप्रपप।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन / निदेशक महोदय, संप्रपप।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
5. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव